# गाड़ी का कांच फोड़ने की बात पर विवाद, 11 लोगों पर केस दर्ज



**देवास/सोनकच्छ।** डाक बंगला स्थित संगम गार्डन में शादी समारोह में शामिल होने आए युवक के साथ मारपीट की गई। आरोप था कि उसने गाड़ी का कांच फोड़ दिया। इस पर से 7 आरोपियों ने एकमत होकर उसके साथ मारपीट कर दी। वहीं दूसरे पक्ष की रिपोर्ट पर से भी पुलिस ने 4 लोगों पर केस दर्ज किया है।

जानकारी अनुसार, फरियादी सोनू पिता सजन चौधरी ने धर्मेन्द्र चौधरी, उसके पिता, जीजा नरबत सिंह, भाई कोकसिंह चौधरी के साथ रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह, धर्मेन्द्र चौधरी के साथ गोकुलसिंह चौधरी निवासी गढी सोनकच्छ के लडके की शादी मे संगम गार्डन मे आए थे। राजेन्द्र चौधरी, भीमसिंह, ईश्वर, गोपाल, बंटी, प्रभु, विजय निवासी ओड़ यह लोग भी शादी मे आए हुए थे। वह लोग शादी मे थे कि राजेन्द्र चौधरी आया और उसने बोला कि तूने मेरी कार का कांच फोड़ा है तब फरियादी ने मना किया कि उसने कांच नही फोड़ा है तो राजेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर दी। तभी राजेन्द्र के साथ आए भीमसिंह, ईश्वर, गोपाल, बंटी राजेन्द्र चौधरी मुझ पर चिड़कर चिड़कर मुझे मां बहन की नंगी गोपाल, बंटी, प्रभु, विजय सभी एकमत होकर आए व और फरियादी के साथ मारपीट करने लगे। भीमसिंह ने डंडे और ईश्वर ने बेल्ट से मारपीट की जो फरियादी को पीठ पर चोट लगी। फरियादी के बड़े पापा का लड़का धर्मेन्द्र बीच बचाव करने लगा तो इन लोगो ने उसके साथ भी मारपीट की।

भीम सिंह ने उसे सिर में मार दी। मारपीट मे धर्मेन्द्र को होठ, पीठ, कंधे पर चोट लगी। पुलिस ने सोनू चौधरी की रिपोर्ट पर से 7 लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस दूसरे पक्ष के फरियादी राजेंद्र पिता सावंत चौधरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि, वह दिनेश चौधरी निवासी गढी सोनकच्छ के यहां शादी समारोह मे संगम गार्डन सोनकच्छ आया था। उसके साथ भतीजे विजेन्द्र, गोपाल और भीम सिंह भी शादी मे आये थे। फरियादी मेहमानो से बातचीत कर रहा था। शादी मे सोनु चौधरी और धर्मेन्द्र चौधरी निवासी गंजपुरा सांवेर के भी आए थे। बारात मे नाच गाने का कार्यक्रम ट्राले पर चल रहा था। सोनु ट्राले पर चढ़ गया। जिसको लोगों ने नीचे उतारा तो सोनु ने गुस्से में आकर पार्किंग मे खड़ी उसकी मारुति ब्रेजा कार एमपी 09 सीजेड 8169 के सामने के कांच पर मुक्की बनाकर कड़े की मारी। जिससे कार का कांच डेमेज होकर नुकसान हो गया। फरियादी ने सोनु से बोला कि तूने कांच क्यों फोड़ा तो सोनु का साथी धर्मेन्द्र भी वहां आ गया और उन्होंने गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

विवाद देख विजेन्द्र, गोपाल और भीम सिंह भी वहां आ गये और मेरा बीचबचाव करने लगे तो सोनु और धर्मेन्द्र ने उनके साथ भी अभी कड़े की, भीम सिंह को सिर में, विजेन्द्र को कपाल पर, और धर्मेन्द्र ने मुक्के से गोपाल को मारा जिससे उसके ऊपर वाले होंठ पर चोंट लगी। तभी सोनु का भाई हेमराज चौधरी और जीजा नेपाल सिंह भी आ गये जिन्होने भी गाली गलौज की। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। इधर मंगलवार सुबह भी दोनों पक्षों में फिर विवाद हो गया। पुलिस ने फरियादी गोविंद चौधरी की रिपोर्ट पर से राजेंद्र चौधरी, प्रभु चौधरी, अंतरसिंह चौधरी, अनिल चौधरी, भीम सिंह चौधरी, ईश्वर सिंह चौधरी, गोपाल, जसमत व नीरज चौधरी पर बलवे का प्रकरण दर्ज किया।

### इन पर केस दर्ज हुआ

पुलिस ने मामले में क्रॉस दर्ज करते फरियादी विजेन्द्र कमल सिंह चौधरी की रिपोर्ट पर से आरोपी सजन सिंह बापूसिंह चौधरी निवासी गंजपुरा, हेमराज देवीसिंह चौधरी, कोकसिंह पिता देवीसिंह चौधरी, जीवन उर्फ बाबू देवीसिंह निवासी ओड़, नेपालसिंह तुलाराम चौधरी निवासी नरवर झाला, गोविंद हेमराज चौधरी, तुषार कोक सिंह चौधरी निवासी ओड़, धर्मेन्द्र दुलीचंद चौधरी व सोनू पिता सजन सिंह चौधरी निवासी गंजपुरा पर भी बलवे का प्रकरण दर्ज किया गया है।



# पाठ्यपुस्तक निगम अध्यक्ष बनने पर ठाकुर का किया सम्मान

**सोनकच्छ।** देवास-भोपाल हाईवे पर अनाज मंडी के पीछे नवनियुक्त पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष सौभाग्य सिंह ठाकुर का स्थानीय राजपूत समाज एवं तहसील राजपूत महाराणा प्रताप नवयुवक मंडल द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

समाजजनों ने पुष्पमालाएं पहनाकर एवं साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया। जानकारी के अनुसार, सौभाग्य सिंह ठाकुर भोपाल में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए अपने निवास से कार्यकर्ताओं के साथ सड़क मार्ग से रवाना हुए थे। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर उनका स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम में रणधीर सिंह बघेल, विजय सिंह बघेल, मोहन सिंह बघेल, श्याम सिंह बघेल, निरंजन सिंह सेंगर, आनंद सिंह बघेल, अजय सिंह राजपूत, जितेन्द्र सिंह बघेल, नितिन सिंह भदौरिया, जनपद सदस्य शिवपाल सिंह राजपूत, विनोद सिंह गौड़ सहित राजपूत समाज के वरिष्ठजन एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# देवास में प्रॉपर्टी बिल्डर पर हमला, डंडों से की मारपीट

**देवास।** एक प्रॉपर्टी कारोबारी पर सिविल लाइन रोड पर हमला हुआ है। उन्हें डंडों से पीटा गया, जिससे वे घायल हो गए। घायल कारोबारी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना मंगलवार सुबह करीब 11 बजे की है। प्रॉपर्टी कारोबारी राहुल सोनी सिविल लाइन रोड स्थित एक सब्जी दुकान पर रुके थे। सब्जी लेने के बाद जब वे अपनी कार में बैठने लगे, तभी एक अन्य कार से आए तीन लोगों ने उन्हें घेर लिया।

**अचानक हमला किया**

आरोपियों ने राहुल से कहा कि उनकी कार, राहुल की कार से टकराई है। राहुल ने उन्हें थाने चलकर बात करने को कहा। इसी दौरान आरोपियों ने अपनी कार से डंडे निकाले और राहुल पर हमला कर दिया। मारपीट में राहुल के हाथ में चोट आई है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने



उन्हें एक प्रकरण से दूर रहने की धमकी दी और जान से मारने की बात भी कही। पीड़ित राहुल सोनी ने आशंका जताई है कि उनका जमीन से जुड़ा विवाद चल रहा है और यह हमला उसी रंजिश के तहत किया गया हो सकता है। हमले के बाद राहुल के अंकल और छोटे भाई मौके पर पहुंचे। वे राहुल को सिविल लाइन थाने ले गए, जहां से उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकानदारों से पूछताछ की। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

सीएसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि कार सवार लोगों द्वारा मारपीट की बात सामने आई है। साथ ही कार टकराने को लेकर विवाद की जानकारी भी मिली है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# खड़ी गाड़ी में लगी आग, जनहानि नहीं

**सतवास।** बस स्टैंड महाराणा प्रताप चौराहा पर सोमवार एक बजे के दरमियान उस समय अफरा तफरी मच गई जब वहां पर स्थित विजेश्वर फूल माला की दुकान पर एक फूल माला लेने आए व्यक्ति की मोटर सायकल स्टार्ट करते ही अचानक धू धू कर जलने लगी प्रत्यक्ष दर्शी फूल माला व्यवसाई जगदीश ने बताया की मेरे यहां से फूल माला लेने आए थे और दस मिनट में मैने उन्हें माला बनाकर दी वो माला लेकर



जाने लगे तभी यह हादसा हो गया और वहां खड़े लोग डर गए लेकिन वहां आस पास के दुकानदारों ने समय रहते अपने पीने के पानी की केन डालकर, पुलिस जवानों के साथ मिलकर जैसे तैसे आग पर काबू पाया मगर तब तक हौंडा की लिवो बुरी तरह से जलकर कबाड़ बन चुकी थी, गनी मत रही की आग लगते ही मोटर सायकल सवार गाड़ी छोड़कर दूर हो गया वर्ना बड़ी घटना हो जाती इस 40 डिग्री तापमान वाली बेतहाशा गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल कर रखा हैं और इस तरह की घटना से लोग डरे हुए है।

**एक नजर में**

## विद्यालय भवन के लिए कलेक्टर को दिया आवेदन



**देवास।** ग्राम पंचायत पंथमुंडला में शासकीय विद्यालय भवन ध्वस्त किए जाने के लगभग 11 माह बाद भी नए भवन निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं होने से विद्यार्थियों एवं पालकों में भारी नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधीश को आवेदन देकर शीघ्र नवीन विद्यालय भवन निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने आवेदन में बताया कि विद्यालय भवन अत्यंत जर्जर एवं खतरनाक स्थिति में होने के कारण प्रशासन के निर्देश पर लगभग 11 माह पूर्व भवन को डिस्मेंटल (ध्वस्त) कर दिया गया था। लेकिन इतने लंबे समय के बाद भी न तो नए भवन निर्माण की स्वीकृति मिली है और न ही निर्माण कार्य शुरू किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पूर्व में इसी विषय को लेकर कई बार आवेदन दिये जा चुके है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। विद्यालय भवन नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को अस्थायी स्थानों पर बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे बच्चों की शिक्षा व्यवस्था प्रभावित हो रही है तथा उन्हें कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों एवं पालकों का कहना है कि विद्यालय भवन के अभाव में कई अभिभावक अपने बच्चों का विद्यालय में दाखिला कराने से भी बच रहे हैं, जिससे बच्चों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द नवीन विद्यालय भवन निर्माण की स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके।

## महाराणा प्रताप प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**भौरासा।** पाठ्य पुस्तक निगम मध्य प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर उज्जैन से भोपाल आज शपथ ग्रहण समारोह में जाते समय उज्जैन से लेकर भोपाल तक जगह-जगह सौभाग्य सिंह ठाकुर का स्वागत किया गया ठाकुर द्वारा सर्वप्रथम भौरासा फाटे पर स्थित महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया वही काकड़दा फाटे पर कुंवर कृपाल सिंह बैस मित्र मंडल उपाध्यक्ष किसान मोर्चा ग्राम पिपलिया खुर्द के नेतृत्व में स्वागत किया गया इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव व भारत सिंह बेस, ठा राकेश सिंह बेस, जीवन सिंह राजपूत,कैलाश सिंह गोड काकु , ठा ईश्वर सिंह गोड, जय सिंह राणा नगर परिषद उपाध्यक्ष भौरासा, ठा राजेंद्र सिंह राजपूत, डॉ रूप सिंह नागर, मुकेश कुमावत एल्डरमैन,सुमेर सिंह नागर सरपंच, कु यशवंत सिंह राजपूत, अश्विन जायसवाल, देवी सिंह गुर्जर, कमल सिंह गुर्जर, पप्पू सिंह राजपूत, खोखरिया कैलाश यादव, कमल पटेल,शैलेंद्र सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह चंदेल, नकुल अग्रवाल, मौसम माली, विनायक माली, एवं सभी भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्तागण द्वारा स्वागत किया गया इसी तरह विद्या भारती मालवा के अध्यक्ष नवनियुक्त पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष सौभाग्यसिंह ठाकुर का पदभार ग्रहण करने भोपाल जाते समय टोल टैक्स के समीप महालक्ष्मी ग्रेनाइट एंड टाइल्स पर ऑनर्स महेश राठौर (पावासा वाले) शिक्षक अशोक ओम प्रकाश राठौर, भीम सिंह आचार्य पांदा जागीर, दिनेश राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला, अभय नागर, आनंद सिंह ठाकुर, संजय गुर्जर, सोनू गुर्जर टोंककला, भगवान सिंह चंदेल, जीवनसिंह ठेकेदार, विरेन्द्रसिंह सिसोदिया, बालू सिंह छोटी चूरलाई द्वारा चुनरी उड़ा कर वह पुष्प मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

# प्रगणकों का किया सम्मान

**सोनकच्छ।** जनगणना निर्देशालय भोपाल के निर्देश अनुसार 1 मई 2026 से मकान सूचीकरण का कार्य प्रगणकों व पर्यवेक्षकों द्वारा किया जा रहा है। प्रथम चरण के अंतर्गत प्रत्येक प्रगणकों को आवंटित एचएलबी में मकान सूचीकरण का कार्य किया जाना था। इस संबंध में तहसील सोनकच्छ अंतर्गत 232 प्रगणकों में से 15 प्रगणकों द्वारा 100 प्रतिशत मकान सूचीकरण का कार्य कर लिया गया है।तहसीलदार व चार्ज अधिकारी नेहा शाह द्वारा तहसील कार्यालय में संबंधित प्रगणकों को पुष्पमाला व गिफ्ट प्रदान कर सम्मान किया गया। शाह द्वारा चंदरसिंह कुशवाहा, ममता भाट, राजेंद्र वर्मा, राजेंद्र कुशवाह, दिलीपसिंह



मालवीय, बाबूलाल मालवीय, शिवम चौहान, विष्णु प्रसाद कुशवाहा, प्रताप सिंह मालवीय, रामेश्वर देवड़ा, प्रियंका व्यास, उपमन्यु ठाकुर, कुलदीप गोयल, लाखन सिंह सेंधव आदि का सम्मान किया गया। जानकारी जनगणना प्रभारी धीरज सिंह राजपूत ने दी। इस अवसर पर पुष्पेंद्र पाठक, मनीषा खत्री, आरती नायक, दिनेश सिंह मालवीय, अजय कटियार,तेजसिंह सूर्यवंशी आदि

# बाइक जलाने वाले तीन आरोपी सीहोर से गिरफ्तार

**कचरा गाड़ी विवाद के बाद घर के बाहर खड़ी बाइक में लगाई थी आग**

**देवास।** नई आबादी क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक में आग लगाने के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को सीहोर से गिरफ्तार किया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने और सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

तीनों आरोपी वारदात के बाद देवास से फरार होकर सीहोर चले गए थे, जहां से पुलिस ने उन्हें पकड़ा। मंगलवार को पुलिस



आरोपियों को घटना स्थल पर भी लेकर पहुंची थी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में शुभम उर्फ गोलू, लक्की वेद और सुमित गुर्जर शामिल हैं। शुभम और लक्की आपस में भाई हैं, जबकि सुमित गुर्जर उज्जैन का निवासी है।

कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और एक विशेष टीम गठित की गई। कोतवाली थाना प्रभारी श्याम चंद्र शर्मा ने बताया कि तीनों आरोपियों को सीहोर से गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### देर रात वारदात की थी

तीनों ने मिलकर विगत दिवस देर रात नई आबादी क्षेत्र में यह वारदात की थी। आरोपियों का रवि सेनिया से कचरा गाड़ी की ऊंचाई और कचरा डालने की बात को लेकर विवाद हुआ था। इसी विवाद के बाद आरोपियों ने रात में रवि के घर के सामने खड़ी बाइक में आग लगा दी। बाइक में लगी आग इतनी भीषण थी कि पास में रखा ठेला भी उसकी चपेट में आ गया। यह पूरी घटना घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई थी।

# गेहूं के ढेर में छिपाकर रखा आठ क्विंटल प्रतिबंधित धावड़ा गोंद जब्त

**सतवास।** वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए यहां के मुकेश ट्रेडर्स गल्ला व्यापारी मुकेश राठौर, रामभरोस राठौर के पुनासा रोड़ और वार्ड नंबर चार स्थित दो अलग अलग गोडाउनो पर छापा मारा, जिसमे देवास जिले में प्रतिबंधित अवैध रूप से खरीदा गया आठ क्विंटल धावड़े का गोंद जप्त किया गया जो की बोरियो में भरकर गेहूं के ढेर के अंदर छिपाया गया था जिसकी बाजार में कीमत 600रुपए किलो से अधिक है कुल कीमत लगभग पांच लाख वही गोडाउन में सत्तर



से अस्सी क्विंटल अचार की गुठली पाई गई है जो की ग्रामणों से 200,250 रुपए कीलों में खरीदी जाती हैं अचार की एक किलो गुठली के अंदर लगभग 100से सवा सौ ग्राम चारोली बीज निकलते है जिसकी बाजार में कीमत पंद्रह सो से बाईस सो रुपए कीलों है मतलब 3लाख रुपए की अचार फिलहाल तो वन विभाग ने महुआ के फूल सहित गोडाउन सिल कर दिया गया,, व्यापारी से पूछताछ की गई परन्तु इस संग्रहण संबंधित किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज पेश नहीं किए हैं इस मामले की जानकारी देते हुए एसडीओ वन विभाग दिनेश वास्कले, रविकांत जैन रेंजर ने प्रेस वार्ता में बताया की मुखबिर की मुखबिर की सूचना पर सुबह से वन विभाग की टीम के द्वारा यह कार्यवाही की गई जिसमें प्रतिबंधित धावड़ा गोंद आठ क्विंटल जप्त किया गया है और अस्सी क्विंटल अचार की गुठली जप्त किया बड़ी मात्रा में महुआ फुल गोडाउन में जप्त किया गया है फिलहाल जांच चल रही हैं किसी भी प्रकार के लाइसेंस, दस्तावेज अभी तक नहीं बता पाए है क्यों की अगर लाइसेंस होता तो गोंद को इस तरह गेहूं में छिपा कर नहीं रखते।

# पुलिस भर्ती मेडिकल में पहुंचीं बेटियां, पिता का मान बढ़ाया

**देवास।** मध्यप्रदेश पुलिस भर्ती 2025 का परिणाम जारी होने के बाद देवास जिला चिकित्सालय में चयनित अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण शुरू हो गया है। यह प्रक्रिया 14 मई तक चलेगी, जिसमें कुल 128 अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण किया है। जिला चिकित्सालय में 11 मई को 26 पुरुष एवं 3 महिला अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण किया गया, जबकि 12 मई को 27 पुरुष और 3 महिला अभ्यर्थियों का परीक्षण किया जा रहा है।

मेडिकल प्रक्रिया पूरी होने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उनकी पदस्थापना देवास पुलिस लाइन में की जाएगी। गांव की पहली बेटी बनी पुलिस जवान पुलिस भर्ती में चयनित उज्जैन, गुना और रायसेन जिले की महिला अभ्यर्थियों ने बताया कि वे अपने गांव की पहली बेटियां हैं जिनका चयन पुलिस विभाग में हुआ है। किसी के पिता मजदूरी करते हैं तो किसी के पिता वाहन चालक हैं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद परिवार ने बेटियों को आगे बढने के लिए प्रेरित किया। चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि पुलिस में भर्ती होकर उन्होंने अपने पिता का सपना साकार किया।

# दुकानदार को आग लगाने वाले पकड़ाए

**सोनकच्छ।** 7 मई की शाम को पेप्सी उधार नहीं देने की बात को लेकर फरियादी फूलचंद सिसोदिया पर गांव के ही 3 लोगों ने पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एक जांच दल गठित कर 5 दिन बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम तालोद में मात्र 5 रुपए की पेप्सी उधार नहीं देने की बात पर ऐसा विवाद हुआ जिसने पूरे क्षेत्र को सनसनी फैला दी थी। किराना व्यवसायी फूलचंद सिसोदिया पर तीन युवकों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी और मौके से फरार हो गए। आग की लपटों में घिरे दुकानदार ने किसी तरह बाथरूम में घुसकर अपनी जान बचाई, जबकि दुकान का सामान भी जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद घायल दुकानदार फूलचंद सिसोदिया ने थाना सोनकच्छ में रिपोर्ट दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार आरोपी गोविंद टकवाना उर्फ गोविंदा पिता फूल सिंह, उम्र 29 वर्ष कृष्णपाल उर्फ कान्हा पिता स्व. इंदर सिंह गोयल, उम्र 26 वर्ष, आदर्श उर्फ आदि पिता सोभाल सिंह सैंधव, उम्र 21 वर्ष तालोद ने उधार पेप्सी नहीं देने की बात पर विवाद करते हुए पेट्रोल डालकर जानलेवा हमला किया। टीआई अजय गुर्जर के नेतृत्व में तीनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

**एक नजर में** — स्मार्ट मीटर से बढ़े बिल और अघोषित कटौती पर फूटा गुस्सा

# बिजली विभाग के खिलाफ सड़कों पर उतरी युवक कांग्रेस

**कांटाफोड़।** भीषण गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान जनता की आवाज मंगलवार को सड़कों पर दिखाई दी। युवक कांग्रेस एवं कांग्रेस पदाधिकारियों ने 43 डिग्री तापमान के बीच गांधी चौराहे से बस स्टैंड तक रैली निकालकर विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया और सतवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक युवक कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित जायसवाल ने ज्ञापन का वाचन करते हुए कहा कि कांटाफोड़ क्षेत्र में लगाए गए स्मार्ट मीटरों के कारण उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त बिजली बिलों का बोझ बढ़ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांटाफोड़ के अलावा आसपास के अन्य क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर नहीं लगाए गए हैं, जिससे क्षेत्र के लोगों में नाराजगी है। युवक कांग्रेस ने विद्युत विभाग पर भीषण गर्मी में मेंटेनेंस के नाम पर लगातार बिजली कटौती करने का आरोप लगाया। नेताओं ने कहा कि घंटों बिजली बंद रहने से आमजन, व्यापारी और किसान सभी परेशान हैं, लेकिन विभाग समस्या समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा। कांग्रेस नेता राजेश होलानी और पूर्व प्रदेश प्रवक्ता



निर्मल पुरोहित ने भी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जनता को पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही, लेकिन भारी भरकम बिल थमाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में अघोषित कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है।

ज्ञापन में वार्ड क्रमांक 4 गजाखेड़ी की विद्युत सप्लाई बधावा फीडर से हटाकर कांटाफोड़ फीडर से जोड़ने की मांग की गई। साथ ही किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खेतों में सिंचाई के लिए दी जाने वाली बिजली सप्लाई का समय दोपहर से बदलकर सुबह करने की मांग भी रखी गई।